हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 13 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 7.4 डिग्री

12 उपग्रहों के मॉडल पर आधारित लगाई प्रदर्शनी



12 मिस्सी रोटी की जगह छात्रों को दे रहे थे साधारण चपाती



## खबर संक्षेप

### पराली से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, यातायात बाधित

**पानीपत।** पानीपत के हडताडी गांव के पास नहर पुल पर पराली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इस घटन से रोड पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और पराली सडक से हटवा कर यातायात सुचारू करवाया। इस कार्य में तीन घंटें लग गए। पुलिस की जांच में पता चला कि ट्रॉली का पहिया गड्ढे में फंसने के कारण हादसा हुआ।

### चोरी और हत्या के प्रयास का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



**अंबाला।** आपराधिक मामले में वांछित आरोपियों के खिलाफ कठोरता से पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 11 नवंबर 2025 को पुलिस ने डेहा कॉलोनी के आरोपी राजेश को गिरफ्तार किया है। पहले गिरफ्तार आरोपी रजत उर्फ डोल ने बताया था कि आरोपी राजेश भी इस मामले में संलिप्त है। इसके अतिरिक्त आरोपी राजेश के खिलाफ चोरी, हत्या का प्रयास,एनडीपीएस,लड़ाई-झगडा व फिरौती मांगने के लगभग 14 मामले दर्ज हैं।

### भूमि संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया

**शहजादपुर।** केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त जलशक्ति की टीम जिसमें अमन गर्ग, संयुक्त सचिव, वित्त मंत्रालय व मुख्य वैज्ञानिक नेमा अख्तर, केंद्रीय भू-जल बोर्ड द्वारा पोस्ट मानसून की समाप्ति के बाद कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की शाखा भूमि संरक्षण द्वारा पिछले वर्ष व इस वित्तीय वर्ष में करवाए गए भूमि संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया गया। संदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता-कम-नोडल अधिकारी, (जलशक्ति) सिंचाई विभाग भी मौजूद रहे। दलबीर सिंह, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा करवाए गए कार्यो की रिपोर्ट टीम के सम्मुख प्रस्तुत की गई । गांव छज्जूमाजरा व बहलोली ब्लॉक शहजादपुर मे करवाए गए चेक डेमों का निरीक्षण किया गया।

### गीता महोत्सव के दौरान धारा 163 रहेगी लागू

**कुरुक्षेत्र।** जिलाधीश एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 का आयोजन 15 नवंबर 2025 से 5 दिसम्बर 2025 तक किया रहा है। इस महोत्सव के दौरान आम जनता की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में बीएनएसएस 2023 की धारा 163 को लागू किया जाता है। ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति असला, हथियार, लाठी, डंडा इत्यादि लेकर नहीं जा सकते।

# लापता होने के डर से परिवार ने बेड़ियों में जकड़ दी किशोरी, रेस्क्यू की तैयारी

## इंसानियत को झकझोर करने वाली घटना सामने आई

- अब सामाजिक संस्थाओं ने पीड़ित किशोरी को रिहा करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किशोरी घर से लापता न हो जाए इसलिए एक परिवार ने उसके पैरों में बेड़ियां डालकर ताला लगा दिया। इंसानियत को झकझोर देने वाला यह मामला कैथ माजरी का है। यहां एक 16 वर्षीय किशोरी के पैरों में बेड़ियां डाल दी गईं।

बताया जा रहा है कि परिवार ने यह कदम मजबूरी में उठाया ताकि किशोरी कहीं चली न जाए। किशोरी के इस अमानवीय हालात की सूचना मिलते ही सामाजिक संस्थाएं हरकत में आ गई। अंबाला



अंबाला।। किशोरी के पैरों में जकड़ी गई बेड़ियां। फोटो : हरिभूमि

शहर की समाजसेवी संस्था वंदे मातरम दल ने जब इस मामले की सूचना पाई तो उसने तुरंत मनुख्ता दी सेवा सब तो वड्डी सेवा सोसायटी लुधियाना को सूचित किया। दोनों संस्थाओं ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि किशोरी को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर लुधियाना ले जाया जाएगा ताकि उसे उचित देखभाल और परामर्श मिल सके। भरत ने यह भी बताया कि वंदे मातरम दल की टीम अंबाला छावनी से एक अन्य 16 वर्षीय किशोर को भी रेस्क्यू करने जा रही है। यह किशोर मोबाइल फोन का अत्यधिक आदी हो गया था जिसके कारण उसके व्यवहार में नकारात्मक बदलाव आ रहे थे। संस्था अब इस किशोर को भी लुधियाना ले जाकर डिजिटल एडिक्शन से मुक्ति दिलाने और मानसिक स्वास्थ्य सुधार हेतु उपचार करवाएगी। संस्था के सदस्यों का कहना है कि समाज में ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जहां परिवार या तो मजबूरी में या जानकारी के अभाव में बच्चों के साथ कठोर व्यवहार कर बैठते हैं। वंदे मातरम दल और मनुख्ता दी सेवा सोसायटी ऐसे मामलों में लगातार हस्तक्षेप कर जरूरतमंद बच्चों को सुरक्षित जीवन की ओर लौटाने का प्रयास कर रही हैं।

इस पूरी घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और बाल सुरक्षा को लेकर जागरूकता कितनी आवश्यक है। फिलहाल, संस्थाएं दोनों बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर उनकी नई शुरुआत कराने की तैयारी कर रही हैं।

### उपचार और पुनर्वास किया जाएगा

*वंदे मातरम दल के सदस्य भरत ने बताया कि संस्था की टीम कैथ माजरी पहुंचकर किशोरी को रेस्क्यू करेगी। उन्होंने कहा कि बच्ची के साथ जो भी परिस्थितियां बनीं, वह बेहद संवेदनशील हैं, और संस्था का उद्देश्य उसे एक सुरक्षित वातावरण देना है, जहां वह सम्मानजनक जीवन जी सके। भरत ने कहा कि लुधियाना स्थित सोसायटी में किशोरी को न केवल सुरक्षित ठिकाना मिलेगा, बल्कि उसका मनोवैज्ञानिक उपचार और पुनर्वास भी किया जाएगा।*

# पीएम प्रदेश को देंगे कई परियोजनाओं की सौगात



- 25 नवंबर को मोदी कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में आएंगे : सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को चरितार्थ किया है।

अब 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में श्री गुरुतेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में हरियाणा को कई नई परियोजनाओं की सौगात देंगे। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी बुधवार को लाडवा विधानसभा के गांव खानपुर कौलिया, गांव बीड मथाना, गांव सिरसमा व पिपली में आयोजित कार्यक्रमों में बोल रही थी।

उन्होंने नागरिकों को 25 नवंबर को ज्योतिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का न्यौता दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, मीडिया को ऑर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, महिला जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, परमजीत कौर कश्यप, सुरेंद्र माजरी, सरपंच रामकुमार खानपुर कौलिया, सरपंच नरेंद्र नैन, सरपंच देवीदयाल सिरसमा, गुरुदत्त आदि मौजूद रहे।

# हर आतंकी साजिश का भारत देगा मुंहतोड़ जवाब : कृष्ण लाल पंवार

**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार शाहाबाद के गांव संभालखी में हरजीत सिंह संभालखी के पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे। इस दौरान पत्रकारवार्ता करते हुए पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान की नापाक हरकत का भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया था और उस समय भारत की सेना ने आप्रेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया था। उन्होंने साफ कहा कि दिल्ली में हाल में हुई आतंकी घटना जैसी कोई भी साजिश भारत को डराने में सफल नहीं हो सकती देश हर हमले का करारा जवाब देगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को सुरक्षा, आर्थिक मजबूती और सामाजिक-धार्मिक एकता के तीन बड़े भरोसे दिये हैं और आज इन तीनों मोर्चों पर भारत नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से देश आज हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन



रहा है और दुनिया में भारत की साख लगातार बढ़ी है। इससे पहले गांव में पहुंचने पर हरजीत सिंह संभालखी, युवराज सिंह, परपिन्द्र संधू, सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार, पवन कुमार, रवि शर्मा, बलजीत सिंह, रामलाल, राजबीर दाऊमाजरा, पिंटू राणा, हरविन्द्र संधू, रूबल, विशाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### म्यांमार में फंसा युवक पानीपत लौट आया

**पानीपत।** काबडी रोड निवासी सोमवीर, थाईलैंड में पर्यटन पर गया था। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में अज्ञात लोग, सोमवीर युवक को अच्छी नौकरी का लालच देकर म्यांमार (बर्मा) ले गए। म्यांमार में सोमवीर से जबरन काम करवाने की कोशिश की गई और वेतन भी नहीं दिया गया। इधर, सोमवीर ने अपने परिजनों और विदेश मंत्रालय से संपर्क किया। वहीं, सरकार के प्रयासों से मंगलवार की रात को सोमवीर को म्यांमार से दिल्ली लाया गया और फिर पानीपत पहुंचाया गया। दूसरी ओर, पानीपत के पुराना औद्योगिक थाना प्रभारी देवेंद्र ने बताया कि म्यांमार से सोमवीर को दिल्ली लाया गया।

# चोरी हुए सोने की रिकवरी के लिए जीआरपी की हिसार-रोहतक में रेड

गिरफ्तार आरोपी से मिली जानकारी

- पूर्व के अपराधियों का भी डाटा खंगाल रही जीआरपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेन से चोरी हुए सोने की रिकवरी के लिए जीआरपी की टीम ने हांसी, हिसार व रोहतक में आरोपियों के ठिकाने खंगाले। चोरी के मामले में पकड़े गए तीसरे आरोपी हिसार के सुनील से मिली जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की जा रही है ताकि मामले में संलिप्त अन्य सहयोगियों की धरपकड़ हो सके।

इस मामले को सुलझाने के लिए पूर्व के अपराधियों का भी डाटा जीआरपी खंगाल रही है। ट्रेन से सोने के गहने चोरी करने वाले हिसार के आर्यन की जानकारी पर जीआरपी ने दर्जन से अधिक ठिकानों पर दबिश दी। हांसी के महेंद्र नाम के सुनार को पकड़ा जोकि नशे का आदि था। उसने बताया कि आर्यन ने जो गहने उसे दिए थे वह उसने आगे किसी को बेच दिए। जब उसके बताए ठिकाने पद जीआरपी ने दबिश दी तो आरोपी पकड़ में नहीं आया। उसका मोबाइल भी बंद मिला, इसके बाद जीआरपी की जांच में तीसरे आरोपी सुनील का खुलासा हुआ। बता दें कि ये घटना दो जून की है। इस संबंध में 9 जून को अंबाला छावनी के जीआरपी थाने में मामला दर्ज किया गया था। पंजाब की मोहाली की रीता झा की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई थी। झा ने बताया था कि दो जून को वह अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर आई थी। उसे अमृतसर से जयनगर जाने वाली ट्रेन नंबर 14650 सरयू-युमना एक्सप्रेस में सवार होना था। ट्रेन जब प्लेटफार्म पर आई और वह ट्रेन में सवार होने लगी तो इस दौरान किसी ने उनका पर्स काट लिया। उसमें सोने के साथ कीमती सामान मौजूद था। तब जीआरपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की थी।

# महाकाल अष्टमी पर्व पर 251 कुंडीय ओंकार महायज्ञ

- हरियाणा, पंजाब, दिल्ली सहित कई प्रदेशों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाकाल अष्टमी के पावन पर्व पर जय ओंकार आश्रम स्थित श्री शक्ति दुवार्सेश्वर महादेव के चरणों में 251 कुंडीय ओंकार महायज्ञ का आयोजन हुआ। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ एवं विश्व के एकमात्र भगवान

श्री ब्रह्मा मंदिर में हुए यज्ञ में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली सहित विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। धाम में हुए यज्ञ में विद्वान ब्राह्मणों ने मां दुर्गा के विभिन्न रूपों और ओंकार भगवान के 1008 मंत्रों के उच्चारण के साथ



यज्ञ में आहुतियां डलवाई। महायज्ञ में ज्वाला ज्योति संघ के अध्यक्ष स्वामी संदीप ओंकार ने प्रज्ज्वलित की। वहीं यज्ञ की पूणार्हुति संघ के संस्थापक स्वामी शक्तिदेव महाराज और स्वामी संतोष ओंकार महाराज ने की। श्रद्धालुओं द्वारा महादेव के चरणों में नतमस्तक होकर अपने-अपने यज कुंडों पर बैठकर आहुतियां डाली गई और मंगल कामना की गई। भजन मंडली ने कीर्तन किया, जिसमें श्रद्धालु उत्साह से झूमे। सदगुरुदेव श्रीशकितदेव जी महाराज श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जो भी इंसान गुरुदेव की कृपा से महाकाल के चरणों में नतमस्तक होकर हाजिरी लगाता है उसे जीवन में हर तरह की खुशी प्राप्त होती है। महाकाल अष्टमी के दिन महादेव के चरणों में हाजिरी लगाने से जीवन में कभी अकाल कष्ट नहीं आता और उस जीव का वंश निरंतर चलता रहता है।

### 501 कन्याओं का पूजन

ओंकार यज्ञ के बाद भंडारे का भी आयोजन हुआ। इससे पहले मां के स्वरूपों में विद्यमान 501 कन्याओं का सामूहिक पूजन भी किया गया। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने कहा कि गुरुदेव जी के सानिध्य में भारत के प्रत्येक क्षेत्र में ओंकार महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। उसी श्रृंखला के अंतर्गत गुरुदेव जी के जन्मोत्सव पर 251 कुंडीय ओंकार महायज्ञ हुआ।

### लापता युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**पानीपत।** पानीपत की विद्यानंद कॉलोनी में खाली प्लॉट में 25 वर्षीय कमल पुत्र रोहतास का शव पडा मिला। कमल विद्यानंद कालोनी का ही निवासी है और उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। कमल की सिर पर वजनी वस्तु से प्रहार कर उसकी हत्या कर शव को खाली प्लॉट में फैंक दिया गया। इधर, बुधवार की सुबह नागरिकों ने कमल का शव प्लॉट में पडा देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस जांच में पता चला कि कमल मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था और मंगलवार सुबह काम पर गया था। वहीं, कमल, रात को घर नहीं लौटा। परिजनों ने कमल की देर रात तक तलाश की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, पुलिस ने कमल के शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

# एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले एक लाख रुपये

- पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी की देवी भवन बाजार स्थित एटीएम बूथ पर पैसे निकलवाने आए व्यक्ति का एटीएम कार्ड चोरी कर दो युवकों ने उसके अकाउंट से एक लाख रुपये निकाल लिए। जब व्यक्ति के मोबाइल पर उसके अकाउंट से पैसे निकलने का मैसेज आया तो उसने मामले की सूचना शहर जगाधरी पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।जगाधरी की अमर विहार कॉलोनी निवासी इनाम सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसको नौ नवंबर को पैसों की जरूरत थी। इसलिए वह देवी भवन बाजार जगाधरी स्थित हिटाची कंपनी के एटीएम बूथ से पैसे निकलवाने के लिए गया। इस दौरान वहां पर दो युवक मौजूद थे। आरोपियों ने उसकी सहायता करने के बहाने से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। पैसे न निकलने पर वह अपने घर आ गया। इस दौरान उसके मोबाइल पर उसके अकाउंट से अलग-अलग कर एक लाख रुपये निकलने के मैसेज आए। यह देखकर उसके पैरों तले से जमीन खिसक गई। जब उसने अपना एटीएम कार्ड देख तो वह बदला हुआ था।

# पानीपत में प्रदूषण बढा, ग्रेप-3 लागू

- ग्रेप-3 के तय नियमों की सख्ती से पालना करवाएगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे चरण को दिल्ली और एनसीआर सहित जिले में भी लागू किया गया है। यह कदम वायु गुणवत्ता को सुधारने और प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर निर्धारित मानकों से अधिक होने से ग्रेप-3 की पाबंदी लागू हो गई है, जिसके लिए हमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से किए गए ग्रेप -3 के तहत संबंधित विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सहित अन्य विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे जिले में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। सभी विभाग जिले में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने के लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें।

### ये लगाई पाबंदियां

ग्रेप-3 के तहत सडकों की मशीनों और वैक्यूम आधारित सफाई, पानी का छिडकाव और धूल नियंत्रण सामग्री का प्रयोग करने के साथ-साथ एकत्रित धूल को निर्धारित स्थलों पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण कार्यों में केवल गैर-प्रदूषणकारी गतिविधियों जैसे प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल, कारपेंट्री और इंटीरियर फिनिशिंग की अनुमति दी गई है, जबकि स्टोन क्रेशर और माइनिंग गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## नागरिकों से अनाधिकृत कॉलोनियों में प्लाट आदि नहीं खरीदने की अपील

# अनाधिकृत कॉलोनी में डीटीपी ने चलाया पीला पंजा

- निर्माण से पहले जरूरी अनुमति नहीं लेने के कारण की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा व्यासपुर के नियंत्रित क्षेत्र में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में किए जा रहे निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अपनी मेहनत से कमाई हुई पूंजी को अनाधिकृत कालोनियों में निवेश नहीं करने के



यमुनानगर। व्यासपुर में नियंत्रित ऐरिया में विकसित की गई अवैध कालोनी में चलता हुआ नगर योजनाकार विभाग का पीला पंजा।

लिए आह्वान किया है। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि व्यासपुर में नियंत्रित ऐरिया में बिना अनुमति के एक अनाधिकृत कालोनी विकसित की जा रही है। सूचना मिलने पर उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यासपुर के नायब तहसीलदार को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में तैनात किया गया। वह अन्य स्टाफ सदस्यों व पुलिस बल के साथ ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मौके पर पहुंचे। इस दौरान करीब चार एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में बनाई गई कच्ची सड़कों व नींव आदि समेत अन्य निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन द्वारा तोड़ फोड़ कर नष्ट कर दिया गया।

### नोटिस की पालना नहीं करने पर कार्रवाई

*जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि चूककर्ताओं को नियंत्रित क्षेत्र 41 ऑफ 1963 के तहत पहले नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर नोटिस मिलने के बाद भी चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई। इस दौरान भू मालिकों आदि द्वारा अवैध कॉलोनी व निर्माण की स्थापना करने से पहले आवश्यक अनुमति नहीं लेने के कारण इस अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण कार्य में तोड़ फोड़ की कार्रवाई की गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी राजेश कुमार ने सभी जनसाधारण से किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न किए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण करता हुआ पाया गया तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा जिला प्रशासन द्वारा उसके विरूद्ध भविष्य में भी नियमानुसार कार्रवाई करेगा।*

# करनाल के सभी रजिस्ट्री कार्यालय सुचारू रूप से कार्यरत : डीसी

■ पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली पारदर्शिता और दक्षता की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्पष्ट किया है कि जिले के सभी रजिस्ट्री कार्यालय पूरी तरह से कार्यरत हैं और किसी भी प्रकार की कागजरहित (पेपरलेस) रजिस्ट्री सेवा को निलंबित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि 1 नवम्बर 2025 से शुरू की गई यह नई प्रणाली कुशलतापूर्वक कार्य कर रही है और नागरिकों को संपत्ति पंजीकरण से जुड़ी सेवाएं निर्बाध रूप से मिल रही हैं।

डीसी ने बताया कि रजिस्ट्री सेवाओं के ठप होने की खबरें पूरी तरह भ्रामक व निराधार हैं। वित्त आयुक्त (राजस्व एवं आपदा प्रबंधन) डॉ. सुमिता मिश्रा ने भी इन रिपोर्टों का कड़ा खंडन किया है और कहा कि नई प्रणाली नागरिकों को पारदर्शी, सुविधाजनक और समयबद्ध सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई है। उन्होंने बताया कि प्रणाली के तहत अब दस्तावेज़ों के सत्यापन के लिए को 5 कार्यदिवस का समय दिया गया है। अब तक 2,778 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 927 दस्तावेजों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। 495 आवेदन निर्धारित तिथियों पर लंबित, 327 आवेदन दस्तावेज़ी त्रुटियों के कारण अस्वीकृत, जबकि शेष आवेदन सत्यापन प्रक्रिया में हैं। डीसी ने कहा कि यह डेटा दर्शाता है कि नई डिजिटल प्रक्रिया कितनी पारदर्शी, कुशल और तेज़ है। इस प्रणाली को लागू करने से पहले इसका पायलट परीक्षण किया गया था, और सफल परिणामों के बाद इसे पूरे हरियाणा में लागू किया गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर कुछ तकनीकी चुनौतियाँ आ सकती हैं, परंतु विभाग ने नागरिकों की शिकायतों के निवारण हेतु व्यापक ग्रिवेंस रिड्रेसल तंत्र स्थापित किया है।

### रजिस्ट्री प्रक्रिया में कई सुधार लागू : यशपाल, निदेशक चकबंदी

अब दस्तावेज़ अपलोड की सीमा 10 से बढ़ाकर 40 एमबी, विलेख सीमा 10,000 वर्ण तकभूमि जोत एवं भूमि अभिलेखों के चकबंदी निदेशक श्री यशपाल ने बताया कि विभाग ने नागरिकों की सुविधा हेतु कई महत्वपूर्ण सुधार लागू किए हैं। साझेदारी या सहयोग विलेखों के लिए वर्ण सीमा 500 से बढ़ाकर 10,000 वर्ण कर दी गई है। पोर्टल पर दस्तावेज़ अपलोड की सीमा 10 एमबी से बढ़ाकर 40 एमबी कर दी गई है। 12 नवम्बर से "आपत्ति के साथ वापस करें" सुविधा प्रारंभ की जाएगी, जिससे आवेदक बिना अतिरिक्त शुल्क दिए संशोधित दस्तावेज़ पुनः अपलोड कर सकेंगे। नामों में मामूली विसंगतियों के कारण आवेदन अस्वीकृत नहीं किए जाएँगे। जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (GPA) का विकल्प भी पहले की तरह उपलब्ध है और इसे और सरल बनाया गया है। नागरिक सोमवार से ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कृषक कॉलम के आधार पर स्वामित्व में बदलाव नहीं किया जा सकता। पिछले ऐसे मामलों की समीक्षा जारी है और नए दिशा-निर्देश शीघ्र जारी होंगे।

### आवेदन की स्थिति

- सअब तक 2,778 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 927 दस्तावेजों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है
- 95 आवेदन निर्धारित तिथियों पर लंबित, 327 आवेदन दस्तावेज़ी त्रुटियों के कारण अस्वीकृत

### बोले अधिकारी

रजिस्ट्री सेवाओं के ठप होने की खबरें पूरी तरह भ्रामक व निराधार हैं। वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने भी इन रिपोर्टों का कड़ा खंडन किया है और कहा कि नई प्रणाली नागरिकों को पारदर्शी, सुविधाजनक और समयबद्ध सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से लागू की गई।
उत्तम सिंह, उपायुक्त करनाल

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने वोट चोरी कर बनाई सरकारें : लाठर

**करनाल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर करनाल में आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपिंद्र लाठर भुप्पी अपने साथियों सहित पहुंचे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में कांग्रेस के झंडे लेकर 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाए और भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध जताया। भूपिंद्र लाठर ने कहा कि देश के लोकप्रिय नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने हाल ही में खुलासा किया है कि भाजपा ने कई राज्यों में वोट चोरी कर सरकारें बनाई हैं। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के दौरान करीब 25 लाख वोट चोरी किए गए, जिसके बल पर भाजपा सत्ता में आई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश रच रही है और सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेताओं व नागरिकों को ईडी और अन्य एजेंसियों के माध्यम से दबाया जा रहा है।



### यूनानी काव्यशास्त्र पर विद्वत सत्र आयोजित

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में पंजाबी विभाग की साहित्य सभा द्वारा यूनानी काव्यशास्त्र पर विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एन.पी. सिंह, विभागाध्यक्ष, पंजाबी विभाग, गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर ने "प्लेटो, अरस्तू और लोंजिनस के सिद्धांतों" पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्लेटो के अनुसार कला अनुकरण का माध्यम है, जबकि अरस्तू ने इसे सौंदर्यबोध और भावनात्मक परिमार्जन का साधन बताया। लोंजिनस के उदात्तता सिद्धांत को उदाहरणों सहित समझाते हुए उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ काव्य वह है जो पाठक के हृदय में ऊंचे भाव उत्पन्न करे। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. चूहड़ सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और विद्यार्थियों को ऐसे सत्रों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### अटल सेवा केंद्र को निशाना बनाया

**घरौंडा।** गांव अलीपुर खालसा मेंअज्ञात चोरों ने एक अटल सेवा केंद्र को निशाना बनाया। चोरों ने केंद्र के तीन गल्लो से लगभग 58 हजार रुपए चोरी करके ले गए। चोर इतने शातिर थे कि किराएदारों के कमरों को बाहर से लॉक कर दिए। घटना में एक किराए दार का मोबाइल भी चोरी हो गया है।दुकान मलिक ने घटना के सूचना पुलिस को दे दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।गांव कैमला निवासी रवि ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि वह मंगलवार की रात को अटल सेवा केंद्र को बंद करके घर गया था। सुबह उसके सूचना मिली कि उसके दुकान का शटर खुला हुआ है। वह सूचना मिलते ही दुकान पर पहुंचा तो दुकान के अंदर तीनों काउंटरों के गल्ले खुले पड़े थे।

## डीएवी पीजी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग ने की कार्यशाला

# राजनीति विज्ञान युवाओं में नेतृत्व और लोकतांत्रिक चेतना का माध्यम : प्रो. सैनी

- *जन अधिकारों की रक्षा करता है राजनीति विज्ञान*
- *यह विषय अतीत, वर्तमान और भविष्य को सुनिश्चित करता है*

प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा और जन अधिकारों की रक्षा का माध्यम है। राजनीति विज्ञान का अध्ययन विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

डीएवी पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा "राजनीति विज्ञान की प्रासंगिकता" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, बल्कि समाज सेवा और जन अधिकारों की रक्षा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राजनीति विज्ञान का अध्ययन विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करता है। विभागाध्यक्ष डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि राजनीतिक विचारधाराएं किसी भी राष्ट्र की दिशा तय करती हैं और लोकतंत्र में विभिन्न विचारधाराओं का समावेश उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। डॉ. मनीषा शर्मा ने कहा कि यह विषय अतीत, वर्तमान और भविष्य के ज्ञान का समन्वय करता है, जबकि विरेंद्र कुमार ने राजनीतिक विज्ञान को नीति निर्माण और जनहित का केंद्र बताया।



**करनाल।** कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि




**करनाल।** कार्यशाला को संबोधित करते राजनीति के विद्वान।

### संस्कृत अध्यापकों का भाषा कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न, सीखे शिक्षण के नए आयाम

करनाल। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शाहपुर में संस्कृत अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय भाषा कौशल विकास प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण डाइट प्राचार्य ज्योत्सना मिश्रा के मार्गदर्शन और इंचार्ज मुनीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर शिशनपाल ने बताया कि अध्यापकों को व्याकरण, शब्दावली, उच्चारण, लेखन कौशल और आधुनिक शिक्षण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. देवेंद्र शर्मा ने "संस्कृत शिक्षण में एआई की भूमिका" पर व्याख्यान दिया, जबकि रेखा चालिया ने वैदिक गणित सत्र लिया। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर भारत भूषण, रमेश कुमार, डॉ. प्रवीण, दलीप सिंह कुमार, गीता, मंजीत कौर, हंसकवर, कृष्ण कुमार, शीला शर्मा, ऋचा बजाज, उर्मिला, रोहित, गोदाराम शास्त्री, गुरदेव शास्त्री और राकेश सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीएसपी असंध की टीम से मारपीट, पांच पर केस

■ गांव बल्ला में आरोपी परिवार ने की धक्का-मुक्की, डीएसपी की मौजूदगी में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गांव बल्ला में डीएसपी असंध गोरखपाल राणा और उनकी टीम के साथ एक आरोपी परिवार द्वारा अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और हाथापाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिसकर्मियों पर हमले के आरोप में पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, डीएसपी गोरखपाल राणा अपनी टीम के साथ एक पुराने मामले में आरोपी विजय को गिरफ्तार करने गांव बल्ला पहुंचे थे। इस दौरान थाना प्रभारी मुनक बृजलाल और एसआई रहेतनाज सहित कई पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे। जब टीम विजय के घर पर पहुँची, तो घर के मुख्य द्वार पर दो महिलाएँ सोनिया और कलोर मिलीं। उन्होंने पुलिस को अंदर आने से रोका और कहा कि विजय घर पर नहीं है। इसी दौरान सोनिया ने अपने फोन से वीडियो बनाना शुरू कर दिया और पुलिस टीम से तलाशी लेने से मना कर दिया।

### डीएसपी की मौजूदगी में बढ़ा विवाद

पुलिस टीम जब घर से बाहर आई, तो वहां एक युवक आनंद पहुंचा जो पुलिसकर्मियों से उलझ पड़ा। उसने खुद को आरोपी विजय का भाई बताया और पुलिस टीम से गाली-गलौज व हाथापाई करने लगा। इसी बीच मौके पर महिला कलोर, रतन सिंह फौजी और महावीर फौजी भी पहुंच गए। बताया गया कि इन लोगों ने भी पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की की और डीएसपी की गाड़ी का रास्ता रोक दिया। डीएसपी असंध और उनकी टीम ने समझदारी से काम लेते हुए स्थिति पर काबू पाया और मुख्य आरोपी आनंद को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, बाकी परिजन मौके से फरार हो गए।

### पांच पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का केस

डीएसपी की टीम की शिकायत पर पुलिस ने आनंद, सोनिया, कलोर, रतन सिंह फौजी और महावीर फौजी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस पर हमला करने और अपमानजनक भाषा प्रयोग करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की तलाश जारी है और मामले की जांच चल रही है।




**करनाल।** प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता में झलका विद्यार्थियों का कौशल

**करनाल।** सेक्टर-14 स्थित पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा बुधवार को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्नातकोत्तर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभागाध्यक्ष प्रो. संजीव गिरी ने मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी का स्वागत किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन की समस्याओं को हल करने की वैज्ञानिक दृष्टि प्रदान करता है। मंच संचालन डॉ. गीता अरोड़ा ने किया, जबकि एक्टिविटी इंचार्ज डॉ. स्मृति ने कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी संकाय सदस्यों की सराहना की। निर्णायक मंडल में प्रो. संजीव गिरी, डॉ. शीतल, डॉ. कवलजीत, डॉ. स्मृति और डॉ. दिव्या शामिल रहे। प्रतियोगिता में महक व गौरी ने प्रथम, सुप्रिया, प्रीति व हिमांशी ने द्वितीय तथा पायल व खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# भाजपा अब ब्राजील जनता पार्टी हो गई

■ वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का करनाल से आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




हरियाणा में कथित वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस ने बुधवार को करनाल से राज्यव्यापी आंदोलन का बिगुल बजा दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और भाजपा सरकार के खिलाफ 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाए। सुबह 11 बजे पाठक अस्पताल के सामने विशाल जनसभा आयोजित की गई, जिसके बाद कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में जिला सचिवालय पहुंचे और वहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन डीसी को सौंपा। राव नरेंद्र सिंह ने मंच से भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा अब भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि ब्राजील जनता पार्टी बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ब्राजील की मॉडल की फोटो उठाकर हरियाणा की वोटर लिस्ट में जोड़ दी। कभी सीमा, कभी स्वीटी, कभी सरस्वती के नाम से वोट डलवाए गए। यह लोकतंत्र की

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की जांच टीम ने हरियाणा की 25 विधानसभा सीटों में भारी गड़बड़ी पाई है, जहाँ करीब 13 लाख वोटों की अनियमितता की संभावना है।

राहुल गांधी के नेतृत्व में 22 जिलों में आंदोलन शुरू। राहुल गांधी ने दिल्ली में इस मुद्दे पर बैठक कर प्रदेश कांग्रेस को चरणबद्ध आंदोलन चलाने के निर्देश दिए हैं।



कुंजपुरा में "स्वदेशी अपनाओ, भारत बनाओ" कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### स्वदेशी संकल्प से गूंजा आत्मनिर्भर भारत का संदेश

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गांव कुंजपुरा में "स्वदेशी अपनाओ, भारत बनाओ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुशील राणा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान कुंजपुरा मार्केट के दुकानदारों व ग्रामीणों ने स्वदेशी संकल्प पत्र भरकर स्वदेशी उत्पाद अपनाने का वचन दिया। सुशील राणा ने कहा कि "स्वदेशी केवल एक नारा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है।" उन्होंने लोगों से अपील की कि वे खादी, मिट्टी के बर्तन, हस्तनिर्मित वस्त्रों और देसी उत्पादों का उपयोग करें, जिससे ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को स्वरोज़गार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### ऋषिका ने राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में किया कमाल




हरिभूमि न्यूज करनाल। निसिंग स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा ऋषिका ने राज्य स्तरीय विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ दीपक वर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र नई दिल्ली के तत्वाधान में एनसीईआरटी गुड़गांव द्वारा आयोजित की गई थी। उन्होंने छात्रा ऋषिका, विद्यालय के अध्यापक डॉ. संजय कौशिक और पूनम यादव को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करनाल जिले की टीम का नेतृत्व सुरेंद्र ने किया। अब ऋषिका हरियाणा की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली विज्ञान ड्रामा प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

### बाल दिवस पर श्रवण एवं निशक्त बच्चों के सम्मान में भव्य राज्यस्तरीय कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज करनाल। हरियाणा वाक एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कल्याण समिति द्वारा 14 नवंबर को माता प्रकाश कौर श्रवण एवं निशक्त जन कल्याण केंद्र, करनाल में भव्य बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समिति की उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और उनकी पत्नी मित्रा घोष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विधायक रामकुमार कश्यप (इंद्री), जगमोहन आनंद (करनाल), योगेंद्र राणा (असंध), भगवानदास कबीरपंथी (नीलोखेड़ी) और मेयर रेनू बाला गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। राज्य के आठ केंद्रों के बच्चे मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे और राज्यपाल द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। मेघा भंडारी ने बताया कि यह केंद्र मूक-बधिर बच्चों को न केवल शिक्षा प्रदान करता है बल्कि उन्हें रोजगार योग्य बनाने का भी कार्य करता है। केंद्र में निःशुल्क शिक्षा व हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2019 में सांकेतिक भाषा को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया था, जिसके बाद इन केंद्रों में बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक दीपिका और पार्षद संकल्प भंडारी भी मौजूद रहे।

## डीएवी महिला कॉलेज में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस मनाया

■ मंगलसेन ऑडिटोरियम में मानवता, शांति और धर्म रक्षा का संदेश देंगे मंचन के दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रकोष्ठ, पंजाबी विभाग, लिटरेरी सोसायटी और क्रिएटिव राइटिंग सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 'श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस' श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. मीनू शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में जी.एस. मनचंदा ने गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, तप और सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। मंच पर मंजीत कौर और शब्द कौर भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पौधारोपण के माध्यम से किया गया। प्राचार्या ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन धर्म, न्याय और सच्चाई की रक्षा का संदेश देता है। इस अवसर पर निबंध लेखन, श्लोक लेखन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन में स्नेहा प्रथम, काजल द्वितीय, आस्था तृतीय रही। श्लोक लेखन में अर्शप्रीत कौर प्रथम, प्रिया द्वितीय, अर्शदीप कौर तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में महकप्रीत कौर (गुरु नानक खालसा कॉलेज) प्रथम, प्रिया मलिक द्वितीय और हर्षदीप कौर, तुशाली तृतीय रहीं। कार्यक्रम में प्राध्यापिकाएँ डॉ. मंजू सिंह, संगीता गौरांग, डॉ. सुनीत भंडारी, डॉ. सुनीता सलारिया, डॉ. इशा, डॉ. सतविंद्र सहित डॉ. पूनम, सुमन, सीमा, शिवांगी, नीलम, निशा, रीतू, लीना, विजेता, गुरचरण कौर, निताशा व प्रवीण आदि मौजूद रहीं।

### गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित लाइट एंड साउंड शो आज

■ मंगलसेन ऑडिटोरियम में मानवता, शांति और धर्म रक्षा का संदेश देंगे मंचन के दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार द्वारा 'हिंद दी चादर', नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के पावन अवसर पर उनके अतुलनीय बलिदान और मानवता की रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 13 नवम्बर को सायं 7:00 बजे से 8:00 बजे तक मंगलसेन ऑडिटोरियम, करनाल में भव्य 'लाइट एंड साउंड शो' का आयोजन किया जाएगा। यह शो गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, उनके अदम्य साहस, धर्म रक्षा के लिए दिए गए बलिदान और मानवता के प्रति उनकी निष्ठा को दृश्य माध्यम से प्रस्तुत करेगा। उपायुक्त श्री उत्तम सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि गुरु साहिब के उस अमर संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है, जिसमें उन्होंने दूसरों के धर्म की रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान विश्व इतिहास में अनुपम उदाहरण है, जिसने धार्मिक स्वतंत्रता, सहिष्णुता और मानवीय मूल्यों की रक्षा का मार्ग प्रशस्त किया।

## खबर संक्षेप

### उत्तर प्रदेश का युवक लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की शांति नगर कॉलोनी में रहकर नौकरी करने वाला यशान मूल निवासी झिंझाना, जिला शामली उत्तर प्रदेश दो माह से लापता है। इधर, परिजनों ने एसपी भूपेंद्र सिंह से यशान को बरामद करने की गुहार लगाई है। वहीं, माडल टाउन थाने में यशान की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जबकि माडल टाउन थाना प्रभारी जगमहेंद्र ने बताया कि यशान की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही उसे बरामद कर लिया जाएगा।

### न्यायिक परिसर में पार्किंग ठेका बोली होगी

**पानीपत।** पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की लघु सचिवालय परिसर और जीटी रोड के साथ लगते न्यायिक परिसर में वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के संचालन का ठेका खुली बोली के माध्यम से आबंटित किया जाना है। वहीं, बोली मंगलवार को जिला सचिवालय में होगी।

### एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पानीपत।** राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई), एनआर बदरपुर, नई दिल्ली (भारत सरकार) के विद्युत मंत्रालय के अधीन विद्युत क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास के लिए कार्यरत द्वारा राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत किसानों और बायोमास निर्माण से जुड़े हितधारकों के लिए वीरवार को स्काईलार्क पर्यटन केंद्र में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### डिजिटल अरेस्ट की सूचना पुलिस को दें

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने बताया कि ब्लैकमेल, जबरन वसूली या डिजिटल अरेस्ट इत्यादि की धमकी मिलने पर डरे नहीं, बल्कि साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।

### हरेडा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें

**पानीपत।** ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में हरियाणा सरकार द्वारा निरंतर विभिन्न पहल की जा रही है। इसी के दृष्टिगत औद्योगिक, वाणिज्यिक, सरकारी भवनों, शैक्षणिक और प्रौद्योगिकी में नवाचार अपनाने वाले उपभोक्ताओं को पुरस्कार दिया जाएगा। बिजली/अन्य ईंधन बचाने के लिए अपने भवनों/इकाइयों में विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने में उत्कृष्टता हासिल की है। इसके लिए छह दिसंबर तक हरेडा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

### पूंजी विषय पर कैंप 14 को

**पानीपत।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित आपकी पूंजी आपकी सुरक्षा जनआंदोलन के तहत वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के त्वरित निपटान को सुगम बनाने के लिए जिला स्तरीय शिक्षा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन 14 नवंबर को जिला अग्रणी कार्यालय द्वारा एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में होगा।

### विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया

**पानीपत।** गीता परिवार पानीपत द्वारा सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कैंप में प्रदीप ने बताया स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हो सकता है। इधर, विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया। वहीं, डॉ.राजेश भारद्वाज ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की महत्वता की जानकारी दी और गीता के श्लोक का उच्चारण करवाया।

---

### राजकीय कॉलेज में स्वदेशी उत्पाद अपने की शपथ ली

# आत्मनिर्भर भारत बनाने को स्वदेशी को अपनाए नारी

जिस दिन हर घर की महिला स्वदेशी को अपनाएगी, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत सन 2047 से काफी पहले ही आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बन जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** छात्राओं व अध्यापकों ने स्वदेशी उत्पाद को अपने की शपथ दिलवाते हुए नवीन भाटिया।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक नवीन भाटिया ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर भारतीय को स्वदेशी उत्पादों को अपनाना होगा। वहीं, स्वदेशी आत्मनिर्भरता का आधार है, जब तक भारत के हर घर में स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग नहीं होगा, विदेशी उत्पादों का प्रयोग बंद नहीं होगा, जनता विदेशी मुद्रा को बचाने का काम तेजी से नहीं करेगी, तब तक भारत आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र नहीं बन पाएगा। नवीन भाटिया, बुधवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय ने आयोजित हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी अपनाने विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों और अध्यापकों को हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलवाते हुए कहा कि भारत में आधी आबादी महिलाओं की है वही जिस दिन हर घर की हर महिला स्वदेशी को अपनाएगी, तो वह दिन दूर नहीं जब भारत सन 2047 से काफी पहले ही आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बन जाएगा। वहीं अब जरूरत है नारी शक्ति को आगे बढ़ते हुए स्वदेशी को अपनाने की। इधर, मीणा चौहान सहसंयोजक, ब्लॉक चेयरमैन, सुमित जागलान जिला महामंत्री ने कहा कि नारी शक्ति को भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेते हुए स्वदेशी को अपना होगा। इधर, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप शर्मा, भाजपा नेता विजय सहगल, चेतन तनेजा, दीपक नैन आदि ने भी छात्राओं से स्वदेशी को अपनाने की अपील की।



**पानीपत।** राजकीय कॉलेज में सेमिनार का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक नवीन भाटिया, आदि। फोटो : हरिभूमि

---

# नेशनल पाइट क्वेस्ट में दिल्ली प्रथम

- करनाल को बेस्ट स्कूल का अवार्ड, क्वेस्ट में दिल्ली, हरियाणा व यूपी के छह हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया, एक करोड़ तक पुरस्कार जीते



**पानीपत।** पाइट में अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

नेशनल पाइट क्वेस्ट में दिल्ली ने पहला स्थान हासिल किया है। टीम आइंस्टाइन से सीआरपीएफ रोहिणी के अथर्व और जीआर इंटरनेशनल स्कूल दिल्ली से प्रिंसी ने पाइट क्वेस्ट जीत लिया। दोनों को एक-एक इ एक्टिवा और 12 लाख 40 हजार की स्कॉलरशिप दी गई। छह हजार से अधिक विद्यार्थियों ने फाइनल राउंड में भाग लिया था। इससे पहले 70 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने स्कूल में ही पेपर दिया था। करनाल के दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर सात को बेस्ट स्कूल का अवार्ड दिया गया। इधर, काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च एवं सीएसआइओ चंडीगढ़ से निदेशक प्रो.शांतनु भट्टाचार्य, पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.बीबी शर्मा, क्वीज मास्टर अरिंदम भट्टाचार्य, कन्वीनर अमित दुबे ने विजेताओं को सम्मानित किया। वहीं, क्वेस्ट में सीसीएएस गन्नौर से शिवम व एसएमआर सफीदों से अक्षरा, दयाल सिंह स्कूल करनाल से अक्षय चौधरी व बाल विकास स्कूल पानीपत से शब्द विरमानी, गीता निकेतन कुरुक्षेत्र से मुनीष कुमार व महाराजा अग्रसेन स्कूल जींद से वंशिका, ओएस डीएवी कैथल से तिजल व डीएवी मल्टीपर्पज सोनीपत स्कूल से अक्षरा, विश्वकर्मा स्कूल रोहतक से दीपांशी व दयाल सिंह स्कूल पानीपत से नमन जावा विजेता रहे।

---

*बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत समाज हुआ शामिल*

# स्वामी नारायण गिरि साधू राम आश्रम ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



पंडित साधु राम आश्रम शांति नगर कुरुक्षेत्र में स्वामी नारायण गिरी महाराज जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में विशाल कीर्तन एवं भण्डारें का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्रम से जुड़े श्रधालुओं ने बडी संख्या में भाग लिया। इसके साथ ही पंडित साधु राम आश्रम से स्वामी राम गिरी जी के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में स्वामी नारायण गिरी साधू राम आश्रम से लेकर ब्रह्मसरोवर तक पैदल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु और संत समाज शामिल हुआ। शोभा यात्रा में स्वामी नारायण गिरी उर्फ प. साधु राम जी द्वारा रचित भजनोपोश माला में से गीता ज्ञान पर आधारित भजनों एवं जयघोषों से पुरा वातावरण गुंजायमान हो गया। गीता महोत्सव के उपलक्ष में पंडित साधु राम आश्रम में प्रतिदिन गीता जी की आरती एवं भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।

---

# सरपंचों ने गांवों में विकास कार्यों से संबंधित समस्याएं साझा की

- कबराला से नौल्था तक अब बदलेंगे गांवों के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** जिला परिषद की बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

जिला परिषद एवं डीआरडीए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद मनोहर लाल द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत गोद लिए गए गांवों बराला, आसन कलां, चुलकाना, बापौली, मडलौडा तथा नौल्था और नौल्था डुंगरान के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत में चल रहे एवं प्रस्तावित ग्राम सचिवालय, पार्क एवं योगशाला, शिवधाम, फिरनी, रास्ते, स्कूल भवन, स्ट्रीट लाइट, तालाब, सीवरेज लाइन एवं लाईब्ररी जैसे कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। वहीं, बैठक के दौरान उपस्थित सरपंचों ने अपने-अपने गांवों में विकास कार्यों से संबंधित समस्याएं साझा की।

---

# तुलसी विवाह में पांच जोड़े बने जीवन साथी

- उषा गुप्ता द्वारा अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए अतिथि एवं आयोजक।

भारतीय महिला कल्याण समिति के तत्वावधान में मॉडल टाउन स्थित आर्य समाज में 28वें तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। उषा गुप्ता द्वारा अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं समिति की अध्यक्ष निर्मल दत्त ने संस्था की रिपोर्ट पढ़ते हुए बताया की यह समिति गत 31 वर्षों से समाज के पिछले तबके विशेष की लड़कियों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। नारी के स्थान में ही देश का उत्थान है को सार्थक करने में समिति पूरा योगादान दे रही है। समाज में बहुत से परिवार आर्थिक तंगी के चलते अपनी बेटियों की शादियां करने में असमर्थ हैं। इसलिए समिति द्वारा हर वर्ष जरूरतमंद कन्याओं की शादियां करवाई जाती हैं। इसके अलावा फ्री आई कैंप लगाकर जरूरमंदों के ऑपरेशन में भी मदद की जाती है। अब तक समिति ने 331 जोड़ों की शादी कराई है। निर्मल दत्त ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखी ग्रहस्त जीवन की कामना की। वहीं मुख्य अतिथि आर्य समाज की प्रधान शशि चड्ढा ने समिति को इस कार्यक्रम के बधाई दी तथा अपनी तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके अलावा आर्य समाज से ही अलका आहूजा ने भी नवदपंत्तियों को आशीर्वाद दिया। वहीं कमलेश अरोड़ा द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया गया। पंडित नंदकिशोर पुरोहित द्वारा विवाह की सभी रस्में पूरी कराई गई। इस समारोह में कुल पांच जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। सभी कन्याओं को ग्रहस्थ जीवन के उपयोग में आने वाली आवश्यक वस्तुएं भी उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस अवसर पर कृष्णा सढ़ाना, प्रभा जैन, मंजू छाबड़ा, शशि, रश्मि सिंगला, सुमित्रा अहलावत व गुलशन नंदा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

---

# 97 किसानों को विभिन्न कृषि यंत्र आवंटित किए



**पानीपत।** जिला सचिवालय में किसानों को संबोधित करते हुए एसडीएम डॉ.मनदीप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में एसडीएम डॉ मनदीप की देखरेख में फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2025-26 के अंतर्गत कृषि यंत्रों का ऑनलाइन ड्रॉ कर 97 किसानों को विभिन्न कृषि यंत्र आवंटित किए गए। वहीं, इन यंत्रों का उद्देश्य फसल अवशेष (पराली) के सही प्रबंधन के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण को कम करना और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखना है।

एसडीएम ने किसानों से अपील की कि वे सरकार द्वारा प्रदान किए गए इन कृषि यंत्रों का अधिकतम उपयोग करें ताकि पराली जलाने की समस्या समाप्त हो और पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कृषि उत्पादकता में भी वृद्धि हो सके।

कृषि अधिकारी डॉ.देवेंद्र, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मोहित, राज कुमार, डॉ. सोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

# वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है

> प्रदर्शनी युवाओं को अपने इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत के जिला सचिवालय में प्रदर्शनी देखते युवा। फोटो : हरिभूमि

भारत माता की वंदना का प्रतीक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम जब वातावरण में गूंजता है, तो हर भारतीय का हृदय देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठता है। इस राष्ट्रीय भावना को संजीव करने के उद्देश्य से जिला सचिवालय के ग्राउंड फ्लोर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है, जो वंदे मातरम के गौरवमय 150 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा को दर्शाती है। उपायुक्त डॉ.दहिया ने बताया कि प्रदर्शनी में लगे चित्रों, पांडुलिपियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों को बारीकी से देखा जा सकता है। वहीं, वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। प्रदर्शनी युवाओं को अपने इतिहास, संस्कृति और स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह प्रदर्शनी 14 नवंबर तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

---

## न्यूज डायरी

### भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेलः देशवाल



इनेलो नेता रणबीर देशवाल।

**पानीपत।** इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव चौधरी रणवीर सिंह देशवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हर मोर्चा पर फेल हो चुकी है। प्रदेश में बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार का ग्राफ तेजी से बढ रहा है। किसानों को मंडियों में धान की फसल के उचित दाम नहीं मिल रहे है। कोडियों के भाव किसानों की धान को लूटा जा रहा है, वहीं मौसम की मार से पीडित किसानों को मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की तानाशाही के चलते हर वर्ग परेशान है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में इनेलो, जनता के हित के लिए लड लड रही है। वहीं प्रदेश में इनेलो का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है।

### नारी शक्ति पर कार्यक्रम संपंन

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज के सेवा केंद्र में महिलाओं के लिए सामूहिक कार्यक्रम हुआ। ब्रह्मकुमारी अंजना ने महिलाओं को उसकी समाज में महत्ता की जानकारी देते हुए कहा कि जो महिलाएं खुद पर विश्वास करती हैं वे ही दुनिया बदल सकती है। उनका आत्मविश्वास ही उनकी असली ताकत है। इस अवसर पर सोनिया जुनेजा, वर्षा, राज गर्ग, दीपिका, राखी, आशा, सुमन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पतंजलि योग समिति ने बैठक की

**पानीपत।** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति की मासिक बैठक जिला कार्यालय वृंदा एंक्लेव में जिला प्रभारी शीशपाल अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय हुआ कि सर्दी के मौसम में योग कक्षाओं को छत के नीचे कराने की बात हुई।

---

# स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ पद पर सीधी भर्ती का किया विरोध

- हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा, आंदोलन की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के पदाधिकारी सीएमओ डॉ. विजय मलिक को ज्ञापन देते हुए।

पानीपत स्वास्थ्य विभाग में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (एसएएमओ) के खाली पड़े पदों पर सीधी भर्ती के खिलाफ हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एचसीएमएसए) विरोध में उतर आई है। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग में तैनात चिकित्सकों ने ओपीडी और इमरजेंसी में मरीजों का उपचार किया और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज करवाया। चिकित्सकों का कहना है कि एसएमओ के पद पर सीधी भर्ती के बजाय मौजूदा चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नत कर भरा जाए। वहीं, आंदोलनकारी चिकित्सकों ने पानीपत स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ डॉ. विजय मलिक को मांग पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो उनका एसोसिएशन डायरेक्टर जनरल हेल्थ के कार्यालय के बाद प्रदर्शन किया जाएगा। चिकित्सकों का कहना था कि वह चाहते हैं कि सरकार इस निर्णय को तत्काल वापस ले और पदों को पूर्व व्यवस्था के अनुसार प्रमोशन के आधार पर भरे।


---

### हरियाणा में 25 फसलों की सरकारी खरीद कर रही सकार

# किसान हितैषी है भाजपा सरकारः दुष्यंत

भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा भाजपा के प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री सुनील वत्स व भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। जिसमें समाज के सभी वर्गों को न केवल समान दिया जाता है बल्की सभी वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी नीतियां और योजना बना कर लागू की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारों के प्रयासों का ही परिणाम है की आज भारतीय किसान पड़ोसी देशों के मुक़ाबले अधिक ख़ुशहाल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का एक ऐसा प्रदेश है जहां 25 फसलों की सरकारी ख़रीद की जाती है।

#### दुष्यंत ने भाजपा नेताओं का स्वागत किया

*भाजपा सरकार हर किसान हितैषी है। वहीं, भाजपा की निष्काम सेवा करने पर ही सुभाष कुहाड़ को पानीपत जिला किसान मोर्चा का कार्यकारी अध्यक्ष व बलिंद्र हुड्डा महामंत्री नियुक्त किया है। वहीं दुष्यंत ने भाजपा नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता दिनेश पुजारा, डॉ. राजवीर आर्य, संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।*

# आणविक व अंतरिक्ष उपग्रहों के मॉडल पर आधारित छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी



नारायणगढ़। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अध्यापक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आर्य वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में विज्ञान व गणित विषय को लेकर कार्यक्रम आयोजित

विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से संबंधित कई अभिनव मॉडल और परियोजनाएं प्रस्तुत कीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान और गणित विषय पर प्रेरणादायक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों की वैज्ञानिक प्रतिभा और गणित की रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विज्ञान की विभिन्न शाखाओं से संबंधित कई अभिनव मॉडल और परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। इनमें आणविक मॉडल, अंतरिक्ष उपग्रहों के वर्किंग मॉडल, जल संचयन प्रणाली, पर्यावरण संरक्षण के तरीके और टिकाऊ ऊर्जा स्रोत जैसे विषय शामिल थे। और गणितीय अवधारणाओं को मजेदार और इटरेक्टिव तरीके से प्रस्तुत किया इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रूचि बढ़ाना और व्यवहारिक अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करना था।

प्रदर्शनी का उद्घाटन विद्यालय की कार्यकारी प्रधानाचार्य मीनाक्षी गुप्ता तथा प्रधान आर्य समाज मेन बाजार डॉ. राजेंद्र तायल, उप प्रधान कृष्ण लाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान मास्टर सुरेंद्र वालिया, प्रबंधक डॉ. विश्व बंधु गुप्ता तथा प्रबंधन समिति के सदस्य चंद्रपाल शास्त्री, विनय कंवर, जय भगवान द्वारा किया गया। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

### विद्यार्थियों व शिक्षकों को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी

उन्होंने सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य रजनीश शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां ने केवल विद्यार्थियों की गणितीय ज्ञान में वृद्धि करती है बल्कि उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं उनमें आत्मविश्वास टीमवर्क और समस्या समाधान कौशल भी विकसित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और शिक्षकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अभिभावकों और अन्य आगंतुकों ने भी प्रदर्शनी में गहरी रुचि दिखाई और विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, ज्ञान और तकनीकी कौशल की प्रशंसा की। सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं को सदन अनुसार निर्णायक मंडल द्वारा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्रदान किया गया। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए एक ज्ञानवर्धक और सूचनात्मक अनुभव रहा।

### टीम वर्क को सराहा

इस अवसर पर कार्यकारी प्रधानाचार्य मीनाक्षी गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, कि इस तरह की प्रदर्शनियां हमारे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, समस्या-समाधान कौशल और टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल सहित पकड़ा, हेरोइन बरामद

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र नजदीक कच्चा रास्ता रूचरा फैक्टरी कालाअंब से नशा तस्करी के मामले में आरोपी सुनील कुमार उर्फ विक्की को 26 ग्राम हेरोइन व मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### 7 किलो चूरापोस्त और ट्रक सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला सदर के फौजी ढाबा बलाना कट हाइवे 152 के पास से नशा तस्करी के मामले में पुलिस ने यहां खडे.संदिग्ध ट्रक से 7 किलो 10 ग्राम चूरापोस्त मादक पदार्थ बरामद करके आरोपी देवेंद्र सिंह व सुखवंत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी देवेंद्र सिंह को छह दिन के रिमांड पर लिया है। प्रबंधक थाना उप-निरीक्षक शंभू लाल ने बताया कि 11 नवंबर 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते है। वे फौजी ढाबा बलाना कट हाइवे 152 के पास ट्रक को खड़ा करके मादक पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश में घूम रहे हैं। सूचना उपरांत रेड कर दोनों आरोपियों को ट्रक समेत काबू किया गया। तलाशी लेने पर ट्रक से 7 किलो 10 ग्राम चूरापोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने केस भी दर्ज किया है।

### चोरी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हरीश उर्फ धन्ना व सतपाल उर्फ चुन्ना को गिरफ्तार किया है। सराला खुर्द गांव के रहने वाले हरदीप सिंह ने 24 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 23/24 अक्तूबर 2025 को न्यू विवेक विहार पर स्थित उसके मकान से आरोपियों ने बिजली की तारें, कटर, ग्रेंडर, हथोड़ी व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार, जेल भेजा

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी खालिद, मासूम उर्फ छोटा व आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। तीनों को अदालत ने जेल भेज दिया है। 1 नवंबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव मलिकपुर में आरोपियों ने पेड़ काटने का आपराधिक कार्य किया है। जांच के दौरान पुलिस ने तीनों आरोपियों को काबू किया है। पूछताछ में आरोपियों ने पेड़ काटने का जुर्म कबूल कर लिया है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार, जांच में जारी

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सागर को गिरफ्तार किया है। दाउद माजरा के रहने वाले गुरदेव सिंह ने 1 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29-30 अक्तूबर 2025 को गांव मोहड़ा में आरोपी ने डीजी सैट के तीन एवीआर फयूज व एसी पाईप की कप्लिगं चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण

# मिस्सी रोटी की जगह छात्रों को दे रहे थे साधारण चपाती

डीईओ ने सबसे पहले स्कूल प्रांगण में खेल रहे बच्चों से बात की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बुधवार को गांव चौड़मस्तपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला का औचक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी जब विद्यालय पहुंचे तो उसे समय विद्यालय में अर्ध अवकाश होने के कारण कक्षा 8 तक के बच्चे मिड डे मील ग्रहण कर रहे थे जबकि अन्य बच्चे विद्यालय प्रांगण में ही खेलकूद में व्यस्त थे। सर्वप्रथम डीईओ ने स्कूल प्रांगण में खेल रहे बच्चों से संवाद स्थापित किया। ये दसवीं कक्षा के छात्र थे। डीईओ ने बच्चों का कुशल क्षेम जानने के बाद पूछा कि पढ़ाई कैसे चल रही है। सभी पीरियड्स में अध्यापक कक्षा में आते हैं या नहीं। अभी तक कितने पीरियड्स लग चुके हैं। इन सवालों पर बच्चों ने डीईओ को बताया कि उनकी पढ़ाई ठीक से चल रही है।

### मिड डे मील प्रभारी को किया तलब



अंबाला। मिड डे मील को जांचते जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों बोले-विष्णु सर ने गणित को सरल विषय बना दिया

हर रोज सभी पीरियड्स लगते हैं। अभी तक सभी पांच पीरियड लग चुके हैं। डीईओ कालड़ा ने बच्चों से फिर पूछा कि सबसे अच्छा विषय कौन सा लगता है तो सभी बच्चों ने कहा कि उन्हें सबसे अच्छा विषय गणित लगता है। गणित अध्यापक विष्णु कुमार उन्हें बड़े चाव से पढ़ाते हैं। बच्चों ने बताया कि एक समय ऐसा था जब उन्हें गणित सबसे मुश्किल लगता था, लेकिन विष्णु सर ने गणित को उनके लिए सरल बना दिया है। दो बच्चों ने तो डीईओ को कहा कि वह वार्षिक परीक्षा में गणित विषय में शत प्रतिशत अंक हासिल करने का मन बना चुके हैं। डीईओ सुधीर कालड़ा ने स्टाफ सदस्यों को उनके साथी अध्यापक विष्णु कुमार जैसा अध्यापक बनने के लिए कहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में विज्ञान कक्ष, मिड डे मील किचन, निपुण हरियाणा मिशन और बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील की व्यवस्था का भी जायजा लिया। फोटो संख्या 6

### स्वयं भी मील को चख

जिला शिक्षा अधिकारी ने स्वयं भी मिड डे मील को चख कर देखा। उन्होंने पाया कि बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील की मात्रा और गुणवत्ता तो संतोषजनक है लेकिन बच्चों को निर्धारित रेसिपी के अनुसार मिस्सी रोटी न देकर साधारण रोटी परोसी जा रही थी। इस मामले में पूछताछ करने पर विद्यालय के मिड डे मील प्रभारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों को कहा कि बच्चों के बेहतर पोषण के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं जिनके अंतर्गत बच्चों को न केवल हर रोज अलग-अलग रेसिपी के अनुसार खाना दिया जाता है बल्कि सप्ताह में 2 दिन सुगंधित दूध और 2 दिन प्रोटीन मिल्क बार भी अतिरिक्त रूप से दिया जाना है। सप्ताह में एक दिन के लिए पिन्नी और स्वादिष्ट खीर दिए जाने का भी प्रावधान किया जा रहा है। ऐसे में बच्चों को मिस्सी रोटी की जगह सादी रोटी परोसे जाने से मिड डे मील प्रभारी ने अपने आप को विभागीय कार्रवाई का पात्र बना लिया है। डीईओ ने विज्ञान कक्ष में देखा कि विभाग द्वारा प्रदान की गई विज्ञान किट का विज्ञान अध्यापक सतीश कुमार द्वारा बच्चों की शिक्षा के लिए ठीक ढंग से प्रयोग किया जा रहा है। बच्चों ने भी बताया कि विज्ञान अध्यापक उन्हें विज्ञान कक्षा में लेकर आते हैं। अलग-अलग विज्ञान उपकरणों की कार्य विधि समझाते हैं। डीईओ ने विज्ञान अध्यापक को विज्ञान कक्षा में पुराने लगे चाट्र्स की जगह नए चाट्र्स लगाने के लिए दिशा निर्देश दिए। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला के बच्चों का निपुण परीक्षण किया गया।



अंबाला। युवा संसद के दौरान मौजूद छात्र। फोटो : हरिभूमि

नारायणगढ़ में युवा संसद का आयोजन...

## जीएसटी की दरों में कमी के छात्रों ने फायदे गिनवाए

■ 12वीं की छात्रा नंदिनी ने वित्त मंत्री की भूमिका अदा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डेरा(63) में जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। इस युवा संसद आयोजन के कार्यक्रम का अवकलोकन डाइट मोहड़ा से धीरज वालिया, अजय कौशल, डॉ. विकास, राज कुमार, राजेश कुमार, अमन कुमार, आशीष कुमार तथा रमनदीप की टीम ने किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका नीलकमल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विपक्ष की भूमिका में 12वीं कक्षा की छात्रा लक्षिता ने अनेक मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगा, जिसका जवाब पक्ष की टीम में गृह मंत्री की भूमिका निभाते छात्र अफजल ने दिया। कक्षा 12वीं की छात्रा अफसाना द्वारा सरकार से अनेक आर्थिक मुद्दों पर प्रश्न उठाए गए जिनका जवाब 12वीं कक्षा की छात्रा नंदिनी जो कि वित्त मंत्री की भूमिका अदा कर रही थी उसने दिया। छात्रा नंदिनी ने जीएसटी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह जीएसटी की वर्तमान दरों में सुधार से कैसे उपभोक्ता को फायदा पहुंचा है। युवा संसद में शिक्षा, स्वास्थय तथा सुरक्षा मुद्दों पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अच्छी तरह प्रकाश डाला गया। विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त बनाते हैं। उन्हें उनकी वोट की शक्ति का भी अहसास कराते हैं कि किस तरह उन्हें अपना वोट सोच समझ कर देना चाहिए।

## डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

# युवा संसद में आपरेशन सिंदूर पर रोचक चर्चा

कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. आरआर सूरी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को एक ज्ञानवर्धक युवा संसद सत्र का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने वाद-विवाद कौशल, संसदीय प्रक्रियाओं की समझ और राष्ट्रीय मुद्दों पर जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. आरआर सूरी और राजनीतिक विज्ञान की शिक्षिका मोनिका कालरा के मार्गदर्शन में हुआ।

सत्र का प्रमुख आकर्षण था "ऑपरेशन सिंधूर" पर हुई प्रभावशाली चर्चा जो भारत के हालिया बचाव और मानवीय मिशन का प्रतीक है। युवा संसद में एक जीवंत लोकसभा का वातावरण पुनः निर्मित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न भूमिकाएं निभाईं। वैभव ने स्पीकर, हर्षित ने प्रधानमंत्री, वेदांत ने संसदीय कार्य मंत्री, अनमोल ने रक्षा मंत्री, रचित ने विदेश मंत्री, प्रीतेक ने गृहमंत्री, सीरत ने स्वास्थ्य मंत्री, कोशलैश ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी, मधुर ने सांसद अखिलेश यादव की भूमिका निभाई जबकि सर्बानी, याशिका, दीपिका, वाणी, सिमरन और ऋतिका ने विभिन्न सांसदों के रूप में हिस्सा लिया। सत्र की शुरुआत संसदीय कार्य मंत्री के संबोधन से हुई जिसके बाद रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंधूर पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सत्तारूढ़ दल के सदस्यों ने इस अभियान की रणनीतिक योजना, समन्वय और त्वरित निष्पादन की सराहना करते हुए भारतीय सशस्त्र बलों और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों की वीरता और दक्षता की प्रशंसा की। उन्होंने भारत की बढ़ती वैश्विक नेतृत्व क्षमता और आपात परिस्थितियों में तत्परता को रेखांकित किया।

### विपक्षी सदस्यों ने मिशन की सफलता को सराहा

विपक्षी सदस्यों ने मिशन की सफलता की सराहना करते हुए तैयारी, बजट आवंटन और विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस नीतियों की आवश्यकता पर प्रश्न उठाए। उनके रचनात्मक तर्कों ने बहस को और अधिक गहराई और यथार्थ प्रदान किया। स्पीकर ने अनुशासन और गरिमा के साथ सत्र का संचालन किया, प्रश्नकाल और चर्चाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखा। सत्र का समापन ऑपरेशन सिंधूर की सफलता की सर्वसम्मत प्रशंसा प्रस्ताव के साथ हुआ। प्राचार्य सूरी ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें तथा उनकी मार्गदर्शक मोनिका कालरा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा संसद भविष्य के नेताओं को तैयार करने, नागरिक जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने का उत्कृष्ट माध्यम है।

## डॉ. विपुल त्रिखा स्मृति साहित्य साधना पुरस्कार से सतीश सिंह सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

9 नवंबर 2025 कोआरकेएसडी कॉलेज, अंबाला रोड,कैथल, हरियाणा में आयोजित कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में मुंबई के सतीश सिंह, जो पेशे से बैंकर, वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार और साहित्यकार हैं को साहित्य सभा, कैथल ने "डॉ विपुल त्रिखा स्मृति साहित्य साधना सम्मान" से सम्मानित किया। सिंह ने यह पुरस्कार हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ चंद्र त्रिखा के कर कमलों से ग्रहण किया। मंच पर डॉ पाल कौर, सुमेधा कटारिया, के के ऋषि आदि साहित्यकार भी उपस्थित थे। सिंह वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक के कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई में सहायक महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं। वे विगत 30 वर्षों से साहित्य साधना और 17 वर्षों से लोगों को वित्तीय रूप से साक्षर करने का काम कर रहे हैं।

### एक दर्जन से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित



सिंह की 2500 से अधिक लेख, 5 दर्जन कहानियाँ और 250 से अधिक कवितायें पत्र/ पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही, उनके 7 म्यूजिक एल्बम ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुके हैं। वित्तीय साक्षरता और हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान देने के लिए सिंह को एक दर्जन से अधिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सिंह की तीन पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं।

## एप से होगा गड्ढों का समाधान

■ मेयर ने शहर की बेटी साइना भटनागर की ओर से तैयार वेब ऐप को किया लांच

**अंबाला।** अंबाला शहर की बेटी साइना भटनागर ने एक वेब ऐप बनाकर शहरी क्षेत्र में गड्डों की समस्या के निदान का बेहतर प्रयास किया है। बुधवार को इस ऐप को लांच करने और इसके प्रसार और टेस्टिंग की शुरुआत हुई।

इस ऐप के जरिए अंबाला शहर नगर निगम के नागरिक अपने क्षेत्र में सड़क पर हुई गड्ढों की तस्वीर अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगे। अंबाला शहर की मेयर शैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि युवा पीढ़ी के इस तरह के प्रयास और सजगता को देखकर बहुत अच्छा लगता है। मन में ऐसा विश्वास जगता है इस तरह के प्रयासों से जल्द ही अंबाला में सफाई व्यवस्था को ठीक किया जा सकता है। जब शहर के युवाओं में इन समस्याओं को लेकर पीड़ा है। इनको सुलझाने की इच्छा शक्ति है तो वह दिन दूर नहीं जब अंबाला शहर भी स्वच्छता सर्वेक्षण जैसे प्रयासों में अच्छी रैंकिंग लेकर के आएगा।

नगर निगम में सफाई और सड़क के गड्ढों की सूचना नगर निगम अधिकारियों तक पहुंचे इसका तंत्र आम नागरिक तक नहीं पहुंचा है। इस तरह की ऐप और प्रयास इस सूचना तंत्र को और सुचारू करने में कारगर साबित होंगे।

मुसीबत | डीआरएम ऑफिस की ओर से यात्रियों की शिकायतों की जांच शुरू

# बूम बैरियर शुरू होते ही यात्री फिर परेशान पहले दिन से बर्ताव को लेकर शिकायतें शुरू

पहले भी यात्री कर चुके हैं ऐसी शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से नया बूम बैरियर सिस्टम शुरू किया गया है। हालांकि तीन दिन पहले चालू हुए इस सिस्टम को लेकर लोग फिर सवाल उठाने लगे हैं।

सिस्टम चलाने वाले कर्मियों के बर्ताव को लेकर ज्यादातर लोग शिकायतें कर रहे हैं। यात्रियों ने पार्किंग स्टाफ के व्यवहार और अव्यवस्था को लेकर रेलवे प्रशासन से नाराजगी जताई है। बताया जा रहा है कि 9



नवंबरब से जैसे ही नए टेंडर के तहत बूम बैरियर सिस्टम चालू हुआ उसी दिन से पार्किंग स्टाफ और यात्रियों के बीच विवाद के मामले सामने आने लगे। एक यात्री ने तो सीधे रेल मंत्री और अंबाला डीआरएम को टैग करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर शिकायत दर्ज की। उसने लिखा कि पार्किंग स्टाफ ने उसके साथ बदतमीजी की जिसके कारण वह समय पर स्टेशन के अंदर नहीं पहुंच सका और उसकी ट्रेन छूट गई। यह कोई नया मामला नहीं है।

इससे पहले भी पिछले टेंडर अवधि में पार्किंग स्टाफ और यात्रियों के बीच विवाद और बदसलूकी की घटनाएं सामने आती रही थीं। कई बार यात्रियों ने आरोप लगाया कि स्टाफ मनमानी वसूली करता है और पार्किंग टिकट देने से भी बचता है।

### समस्या अब भी बरकरार

अब दोबारा से टेंडर लागू होने और बूम बैरियर शुरू होने के बाद भी शिकायतें आना यह दर्शाता है कि समस्या अब भी बरकरार है। शिकायत सामने आने के बाद रेलवे प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया। सीनियर डीसीएम नवीन झा ने बताया कि शिकायत की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में पार्किंग स्टाफ की गलती पाई गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।